>Title: Need for construction of a bridge on Swarna Rekha river between Dulami Ghat (Jharkhand) and Deng Dang Ghat (West Bengal) - Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में बहने वाली स्वर्ण रेखा नदी के दुलमी घाट से पश्चिम बंगाल के पुरूलिया के डेंग डांग घाट तक यहां के स्थानीय लोगों द्वारा अपनी मेहनत और पैसे से एक लकडी का पुल बनाया हुआ है और इस पर सरकार की कोई धनराशि नहीं लगी हुयी है, जिस पर से रोजाना पांच हजार आदमी एक सिरे से दूसरे सिर तक जाता है। यह पुल दो राज्य झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ता है। यहां के रहने वाले लोग अत्यंग गरीब हैं। यह आदिवासी और अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है। इन दोनों घाटों से दूर दूर तक कोई पुल नहीं है और यह पुल बरसात में भी टूट जाता है क्योंकि यह लकडी का बना पुल होता है और बरसात भर आवागमन बंद हो जाता है। जनहित में, इस क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु इस पुल का बनना अत्यंत आवश्यक है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार इस पुल को अपने खर्च से बनवाने का कट करे क्योंकि यह दो राज्यों को जोड़ता है और आदिवासी और अत्यंत पिछड़े क्षेत्र में है।